| द्वितीय सत्र, 2021 का प्रथम बुधवार |
|---|

उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

बुधवार,
03 भाद्रपद, शक संवत्, 1943
(दिनांक : 25 अगस्त, 2021)

## नत्थी 'क'

## अल्पसूचित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री मनोज रावत<br>04.08.2021 | ** क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में जनता की भारी मांग के अनुरूप भूमि प्रबन्धन को दृष्टिगत रखते हुए प्रदेश के शहरी क्षेत्रों तथा ग्रामीण क्षेत्र में क्रय की जाने वाली भूमि की अधिकतम सीमा निर्धारित करेंगे ? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो इसमें क्या कठिनाई है ? | राजस्व |
| काजी मौ0 निजामुद्दीन<br>05.08.2021 | ** क्या खाद्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में खरीफ की फसल धान की खरीद का कितना लक्ष्य रखा गया है ? क्या सरकार ने गत वर्ष की तुलना में अधिक धान खरीदने की योजना बनाई है ? यदि हॉ, तो क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि राज्य में धान खरीद के लिये कितने केन्द्र स्थापित करने की कार्ययोजना है और मूल्य वृद्धि कितनी की जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों ? | खाद्य |

## नत्थी 'ख'

### उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम 40 (2) के अन्तर्गत द्वितीय सत्र 2021 के प्रथम बुधवार हेतु निर्धारित स्थगित तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री मनोज रावत<br>11.11.2020 | *1. क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कितने श्रमिक कोरोना महामारी से प्रभावित होकर बेरोजगार हुए है? उनके रोजगार सृजन के लिए सरकार ने क्या प्रयास किये है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि कोरोना काल में कितने प्रवासी श्रमिक उत्तराखण्ड आए हैं और सरकार ने उनकी जीविका की क्या व्यवस्था की है ? क्या सरकार इनके जीवन यापन हेतु रू0 दस हजार मासिक खर्च प्रदान करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | श्रम |
| श्री देशराज कर्णवाल चमार साहब<br>23.11.2020 | *2. क्या शहरी विकास मंत्री अवगत हैं कि राज्य सरकार द्वारा सफाई कर्मियों को पर्यावरण मित्र के नाम से सम्बोधित किया जाता है और डॉक्टरों को कोरोना वॉरीयर के नाम से सम्बोधित किया जा रहा है ? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि सफाई कर्मचारियों के पदों को शासन द्वारा समाप्त कर दिया गया है, और सफाई का कार्य ठेकेदारों के माध्यम से कराया जा रहा है ? यदि हां, तो क्या राज्य सरकार इनकी सेवाओं को देखते हुए इन पदों को पुनर्जीवित कर क्या सरकार तत्काल इन्हें नियुक्ति प्रदान करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शहरी विकास |

श्री ऊमेश शर्मा 'काऊ'
08.02.2021

*3. क्या आवास मंत्री अवगत करायेंगे कि मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण, देहरादून द्वारा जनपद–देहरादून में अप्रैल, 2017 से दिसम्बर, 2020 तक कितने व्यक्तियों के अवैध निर्माणों को नोटिस जारी किये गये हैं और  कितने अवैध निर्माणों का शमन किया गया है ? क्या मंत्री जी अवगत करायेंगे कि एम.डी.डी.ए, देहरादून द्वारा जनपद–देहरादून में अप्रैल 2017 से दिसम्बर 2020 तक कितने आवासीय व व्यवसायिक क्षेत्रों के लिए लैण्ड यूज चेन्ज किया गया है तथा कितने आवासीय व व्यवसायिक क्षेत्रो में (पैट्रोल पम्पों एवं चिकित्सालयों) एम0डी0डी0ए0 द्वारा नियमों में शिथिलता दी गई है तथा मानचित्र स्वीकृत/शमन किये गये हैं? क्या मंत्री जी अवगत करायेंगे कि एम0डी0डी0ए0 देहरादून द्वारा उत्तराखण्ड नगर निकायों एवं प्राधिकरणों हेतु विशेष प्राविधान अधिनियम संख्या 33 वर्ष 2018 के लागू होने की तिथि से आज दिनांक तक एम0डी0डी0ए0 क्षेत्रान्तर्गत कितने निर्माणों/व्यक्तियों को उक्त अधिनियम का लाभ पहुंचाया गया व उनके विरूद्ध कार्यवाही स्थगित/ निरस्त की गई है ? क्या आवास मंत्री जी यह भी अवगत करायेंगे कि एम0डी0डी0ए देहरादून द्वारा छोटे दुकानदारों/निर्माणों को सील किया गया है व जिनके रोजगार समाप्त हो गये हैं, क्या सरकार द्वारा उनको पुनः स्थापित/रोजगार दिये जाने हेतु किसी नीति का गठन किया गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

आवास

नत्थी 'ग'

तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री उमेश शर्मा काऊ<br>10.05.2021 | **पुनरावृत्ति के आधार पर निरस्त।**<br>*01. क्या आवास मंत्री अवगत करायेंगे कि मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण, देहरादून द्वारा जनपद देहरादून में अप्रैल 2017 से दिसम्बर 2020 तक कितने व्यक्तियों के अवैध निर्माणों को नोटिस जारी किये गये है और कितने अवैध निर्माणों का शमन किया गया है ? क्या मंत्री जी अवगत करायेंगे कि एम0डी0डी0ए0 देहरादून द्वारा जनपद देहरादून में अप्रैल 2017 से दिसम्बर, 2020 तक कितने आवासीय व व्यावसायिक क्षेत्रों के लिए भू–उपयोग परिवर्तन (लैण्ड यूज चेन्ज) किया गया है तथा कितने आवासीय व व्यावसायिक क्षेत्रों में पेट्रोल पम्पों एवं चिकित्सालयों को एम0डी0डी0ए0 द्वारा नियमों शिथिलता दी गई है तथा मानचित्र स्वीकृत/शमन किये गये है ? क्या मंत्री जी अवगत करायेंगे कि एम0डी0डी0ए0 देहरादून द्वारा उत्तराखण्ड नगर निकायों एवं प्राधिकरणों हेतु विशेष प्राविधान अधिनियम संख्या 33, वर्ष 2018 के लागू होने की तिथि से आज दिनांक तक एम0डी0डी0ए0 क्षेत्रान्तर्गत कितने निर्माणों/व्यक्तियों को उक्त अधिनियम का लाभ पहुँचाया गया व उनके विरूद्ध कार्यवाही स्थगित/निरस्त की गई है ? क्या आवास मंत्री जी अवगत करायेंगे कि एम0डी0डी0ए0 देहरादून द्वारा छोटे दुकानदारों /निर्माणों को सील किया गया है व जिनके रोजगार समाप्त हो गये है क्या सरकार द्वारा उनकों पुनः स्थापित/रोजगार दिये जाने हेतु किसी नीति का गठन किया गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आवास |
| श्रीमती ममता राकेश<br>10.05.2021 | **स्थगित।**<br>*02. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के अन्तर्गत ऊर्जा विभाग में ठेकेदारी प्रथा के अन्तर्गत कार्यरत लाईनमैन, मीटर रीडर आदि का कार्य कर रहे कर्मचारी किसी संस्था से प्रशिक्षित हैं ? यदि हां, तो कहां से ? यदि नही, तो इतने महत्वपूर्ण कार्य को अकुशल व्यक्तियों से लिए जाने के क्या कारण हैं ? क्या सरकार जनहित में उक्त पदों पर प्रशिक्षित व कुशल नवयुवकों को नियुक्त करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा |
| श्री मनोज रावत<br>10.05.2021 | *03. क्या वन मंत्री के संज्ञान में है कि राज्य के मैदानी क्षेत्रों से जिन बंदरों को पकड कर पहाड़ी क्षेत्रों में छोड़ा गया है, उन बंदरों द्वारा पहाड़ी क्षेत्रों में आतंक मचाया हुआ है ? क्या सरकार पहाड़ी क्षेत्रों में छोड़े गये बंदरों का बांध्यकरण करायेगी ? यदि हॉ, तो कब | वन |

तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

| | | |
|---|---|---|
| श्री राम सिंह कैड़ा<br>11.05.2021 | *04. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों सहित विधान सभा क्षेत्र भीमताल के अन्तर्गत बिजली के बिल बिना रीडिंग लिये जाने से हर परिवार में बिजली विभाग के खिलाफ आक्रोश है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि बिजली के बिल अधिक आने पर संबंधित विभाग एवं कर्मचारियों पर कोई कार्यवाही होगी, जिससे बिजली बिल घर–घर रीडिंग ले कर दिये जाय? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री देशराज कर्णवाल चमार साहब<br>11.05.2021 | *05. क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड़ राज्य में स्थापित समस्त उद्योगों में कार्यरत श्रमिकों को लॉकडाउन के बाद बिना किसी कारण के निकाला जा रहा है और कार्यरत श्रमिकों को श्रम कानून के अन्तर्गत न्यूनतम वेतन दिया जा रहा है ? सरकार राज्य में स्थापित उद्योगों/संस्थानों में श्रमिकों का शोषण रोकने के लिए क्या कारगर कदम उठायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | श्रम |
| श्री देशराज कर्णवाल चमार साहब<br>11.05.2021 | *06. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में जंगलों की वृद्धि एवं पर्यावरण को बढ़ावा देने हेतु वित्तीय वर्ष 2019–20 एवं 2020–21 में किन–किन जनपदों में कितने–कितने पौंधे किन–किन स्रोतों से लगाये गये हैं? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि उन पर कितनी धनराशि खर्च हुई है तथा वर्तमान में उनमें से कितने पौंधे जीवित हैं? क्या सरकार उक्त का भौतिक सत्यापन करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |

–2–

| | | |
|---|---|---|
| श्री करन माहरा<br>11.05.2021 | *07. क्या आवास मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में जिला स्तरीय विकास प्राधिकरणों से प्रदेश भर की समस्याओं को लेकर विधान सभा की एक समिति का गठन किया गया था? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि समिति द्वारा 04 मार्च, 2020 को सदन में प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के उपरान्त भी सरकार द्वारा अभी तक इसमें कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है तथा समस्त प्रदेश को अत्यधिक प्रभावित करने वाले विषय पर कार्यवाही करने में विलम्ब होने का औचित्य क्या है? क्या सरकार समिति के उक्त प्रतिवेदन पर कोई निर्णय | आवास |

लेने जा रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>12.05.2021 | *08. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में मार्च 2020 से आतिथि तक कुल कितने वन क्षेत्र की सम्पदा तथा वन्य जीवों की क्षति आग लगने की घटनाओं के कारण हुई है ? क्या सरकार बतायेगी कि वनों को आग से बचाने व आग को बुझाने के लिए हैलीकाप्टर/हवाई जहाजों के उपयोग पर कुल कितना व्यय आया है ? क्या यह सत्य है कि फायर सीजन में मानव संसाधन तथा आग बुझाने के संसाधनों में वृद्धि करके आग की घटनाओं को रोका जा सकता है अथवा कम किया जा सकता है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्री मनोज रावत<br>17.05.2021 | *09. क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि रूद्रपुर स्थित सिरडी प्लाईवुड फैक्ट्री में गैर कानूनी रूप से छः माह से अधिक समय से श्रमिकों को निकाल दिया है? श्रमायुक्त/उप श्रमायुक्त को शिकायत करने के उपरान्त भी कम्पनी द्वारा कोई कार्यवाही न किए जाने का क्या कारण है? क्या सरकार उक्त फैक्ट्री द्वारा निकाले गये श्रमिकों को शीघ्र बहाल करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | श्रम |
| श्री मनोज रावत<br>18.05.2021 | *10. क्या कौशल विकास एंव सेवायोजन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य के अंतर्गत स्थित सेवायोजन कार्यालयों में वर्ष 2018 से आज दिनांक तक जनपदवार कितने बेरोजगार पंजीकृत है ? उक्त पंजीकृत बेरोजगारों में से कितने बेरोजगारों को वर्ष 2018 से आज दिनांक तक रोजगार उपलब्ध कराया जा चुका है? क्या सरकार उपरोक्त का जनपदवार विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कौशल विकास एंव सेवायोजन |

–3–

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>19.05.2021 | **मा0 उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन होने के आधार पर निरस्त।**<br>*11. क्या आवास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में निकायों के क्षेत्रान्तर्गत लाखों लोग सरकारी भूमि पर वर्षो से काबिज है? क्या यह सत्य है कि नजूल भूमि नीति लागू नहीं होने से कब्जेधारकों की कब्जे वाली भूमि का मालिकाना हक नही मिल पा रहा है? क्या यह भी सत्य है कि भूमि की फ्री–होल्ड प्रक्रिया नहीं होने से सरकार को राजस्व की भी भारी हानि हो रही है? क्या सरकार बतायेगी कि वर्षो से काबिज कब्जाधारकों को मालिकाना हक दिये जाने हेतु फ्री होल्ड की कार्यवाही कब से प्रारम्भ | आवास |

करायेगी? यदि नही, तो क्यों?

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>19.05.2021 | **एक से अधिक विभागों से सम्बन्धित होने के आधार पर निरस्त।**<br>*12. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में नगरपालिका की नीतियों और मास्टर प्लान के अनुसार एल0आई0जी0 हाऊसिंग बनाया जाना अनिवार्य है? क्या यह सत्य है कि सरकार की उदासीनता व निष्क्रियता के कारण शहरों में लाखों लोग आपदा के खतरे में रहने को विवश है और जिस कारण पर्यावरण को भी क्षति पहुंच रही है? क्या सरकार आवासविहीन व कच्ची बस्तियों में रहने वाले लोगों को सस्ते आवास उपलब्ध करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | शहरी विकास |
| श्री देशराज कर्णवाल चमार साहब<br>25.05.2021 | *13. क्या कौशल विकास एवं सेवायोजन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि कोविड–19 के कारण राज्य में बेरोजगारी दर में अधिक वृद्धि हुई है? राज्य के बेरोजगारों के साथ–साथ बाहरी राज्यों से प्रवासी बेरोजगार भी कोविड–19 महामारी के कारण अपने मूल निवास उत्तराखण्ड वापिस आये है, जिनके सामने अब रोजगार एवं आर्थिक तंगी का संकट गहरा रहा है ? राज्य सरकार इन बेरोजगारों के लिये क्या कदम उठाने जा रही है, जिससे इन बेरोजगारो को रोजगार के साथ–साथ आर्थिक लाभ भी दिया जा सके? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | कौशल विकास एवं सेवायोजन |

–4–

| | | |
|---|---|---|
| श्री खजान दास<br>27.05.2021 | **द्वितीय बुधवार के तारांकित प्रश्न संख्या 18 में स्थानान्तरित।**<br>*14. क्या आवास मंत्री अवगत हैं कि मुख्यमंत्री जी द्वारा राजपुर रोड विधान सभा के अन्तर्गत मच्छी बाजार को अन्यत्र शिफ्ट किये जाने की सार्वजनिक घोषणा की गई थी किन्तु लगभग 2 वर्ष का समय व्यतीत होने के उपरान्त भी मच्छी बाजार को अन्यत्र शिफ्ट किये जाने हेतु कोई कार्यवाही नहीं हो पाई है ? क्या सरकार मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा राजपुर रोड विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत मच्छी बाजार को अन्यत्र शिफ्ट किये जाने संबंधी घोषणा को मूर्त रूप दिये जाने हेतु कोई कार्यवाही कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आवास |

| | | |
|---|---|---|
| श्री खजान दास<br>27.05.2021 | **एक से अधिक विभागों से सम्बन्धित होने के आधार पर निरस्त।**<br>*15. क्या शहरी विकास मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड प्रदेश भूकम्प की दृष्टि से अति संवदेनशील क्षेत्र है ? क्या सरकार द्वारा भूकम्प से होने वाली जनहानि को रोकने हेतु प्रदेश के विभिन्न जिलों/शहरों में गिरासू भवनों का चिन्हीकरण किया जा चुका है ? भूकम्प आने पर जीर्णशीर्ण भवनों से कम से कम जनधन की हानि हो इस हेतु सरकार द्वारा कोई ठोस नीति बनाई जा रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शहरी विकास |
| श्री खजान दास<br>31.05.2021 | *16. क्या वन मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश भर में शहरों एवं अन्य क्षेत्रों में बन्दरों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है तथा शहरी/आबादी वाले क्षेत्रों में बन्दरों द्वारा जन मानस को नुकसान पहुंचाने की भी कई घटनायें घट चुकी हैं ? क्या सरकार बन्दरों के आतंक से मुक्ति दिलाने के लिए कोई ठोस नीति बना रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |

—5—

| | | |
|---|---|---|
| श्री फुरकान अहमद<br>07.06.2021 | *17. क्या आयुष शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र पिरान कलियर में शासन द्वारा एक राजकीय यूनानी मेडिकल कालेज स्वीकृत किया गया था एवं इस हेतु दिसम्बर, 2015 में आयुर्वेदिक एवं यूनानी विभाग द्वारा पिरान कलियर में 27 बीघा जमीन आवंटित भी कर दी गयी थी तथा रू0 4.50 करोड़ का बजट भी विभाग के पास स्वीकृत है ? क्या मंत्री जी को ज्ञात है कि वर्ष 2016 में कॉलेज का शिलान्यास होने पर भी वर्तमान तक धरातल पर कोई कार्य नही किया गया है? क्या यह सत्य है कि राज्य में कोई सरकारी यूनानी मेडिकल कॉलेज नहीं है जिस कारण प्रदेश में यूनानी पद्धति का विस्तार नहीं हो पा रहा है तथा यहां के छात्र–छात्राओं को इसकी पढ़ाई हेतु प्रदेश से बाहर जाने को विवश होना पड़ता है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी जनहित में उक्त राजकीय यूनानी मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य आरम्भ कराने पर विचार करेंगे? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो | आयुष शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| | किन कारणों से प्रभावी चिकित्सा की यूनानी पद्धति का विस्तार नहीं किया जा रहा है ? | |
| श्री धन सिंह नेगी<br>18.06.2021 | *18. क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि राज्य में विद्युत आपूर्ति के लिए ग्रिड लाईन का निर्माण किया जाता है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान में राज्य के भीतर ग्रिड की लाईनें कहां–कहां निर्मित है? क्या यह भी सत्य है कि इन ग्रिड लाईन से विद्युत लॉस (ट्रांसमिशन लॉस) भी होता है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में वर्तमान समय में ट्रांसमिशन लॉस कितना प्रतिशत् हो रहा है ? क्या इसके कारणों की जांच कर सुधारात्मक उपाय किये जाने की कार्यवाही की गयी है? यदि नहीं, तो प्रदेश को होने वाली बड़ी राजस्व हानि के प्रति उदासीनता क्यों है? यदि हां, तो उसका स्वरूप क्या है? | ऊर्जा |
| श्री धन सिंह नेगी<br>22.06.2021 | *19. क्या सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अवगत हैं कि राज्य में भारत नेटवर्क–II के तहत योजना संचालित है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि अभी तक कितने गांवों को टेलीकॉल नेटवर्क से जोड़ा गया है? क्या यह भी सत्य है कि उक्त योजना के तहत सभी गांवों को संयोजित किया जाना है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि अभी तक भारत नेटवर्क–II के तहत कितने गांवों को जोड़ा जायेगा तथा उपलब्ध धनराशि का विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | सूचना प्रौद्योगिकी |

–6–

| | | |
|---|---|---|
| श्री धन सिंह नेगी<br>24.06.2021 | *20. क्या श्रम मंत्री अवगत हैं कि राज्य में श्रम कानूनों का अनुपालन किया जा रहा है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान में जनपद वार श्रम कानूनों के अनुपालन के लिए विभाग का वर्तमान स्वरूप क्या है? क्या यह भी सत्य है कि विभिन्न विभागों द्वारा उपनल, संविदा, आउटसोर्सिंग एजेन्सियों द्वारा रखे गये कार्मिकों को एक समान धनराशि देने के लिए कोई शासनादेश जारी है? यदि हां, तो वर्तमान में उक्त कार्मिकों को कितनी धनराशि दिये जाने का प्राविधान है ? यदि नहीं, तो क्यों? | श्रम |

## स्थगित अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल चमार साहब<br>15.10.2019 | 1. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि निजी कृषि नलकूपों के लिए सोलर प्लान्ट लगाने की सरकार की क्या योजना है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती ममता राकेश<br>27.01.2020 | **एक से अधिक विभागों से सम्बन्धित होने के आधार पर निरस्त।**<br>2. विधान सभा के द्वितीय सत्र 2019 के दिनांक 10.12.2019 के उपवेशन में मेरे द्वारा नियम–51 में उठाई गई चर्चा के क्रम में शहरी विकास मंत्री जी द्वारा दिये गये उत्तर में कहा गया है कि दिनांक 28.05.2019 द्वारा उप जिलाधिकारी, भगवानपुर की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की गई है ? यदि हां, तो मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि समिति द्वारा की गई संस्तुति पर की गई कार्यवाही की अद्यतन स्थिति क्या है ? | शहरी विकास |

## अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>10.05.2021 | 01. क्या नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में सस्ता राशन लेने के लिए प्रचलित राशन कार्डो की अवधि 2018 में समाप्त हो चुकी है? क्या सरकार द्वारा नये राशन कार्डों को बनाकर कार्डो का वितरण प्रारम्भ कर दिया गया है ? क्या सरकार बतायेगी कि प्रदेश में कुल कितने राशन कार्ड धारक है तथा कितनों के राशन कार्ड बनाकर वितरित किये जा चुके है ? शेष राशन कार्ड धारकों को कब तक राशन कार्ड वितरित कर दिये जायेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ?<br>–7– | नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले |
| श्री उमेश शर्मा काऊ<br>10.05.2021 | 02. क्या आवास मंत्री अवगत करायेंगे कि मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण, देहरादून द्वारा विकास शुल्क के अन्तर्गत जनपद देहरादून में अप्रैल 2017 से आज तिथि तक कितनी धनराशि अवस्थापना निधि से प्राप्त की गई है तथा अप्रैल 2017 से दिनांक 30.01.2021 तक कितने विकास कार्य स्वीकृत हुए है ? क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण द्वारा किस–किस विधान सभा क्षेत्र में अवस्थापना निधि के अन्तर्गत विकास कार्यों के लिए कितनी–कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है ? यदि विधानसभा वार विकास कार्य स्वीकृत नहीं हुए है तो सम्पूर्ण एम0डी0डी0ए0 क्षेत्र में कितने विकास कार्य स्वीकृत हुए है ? क्या मंत्री जी प्राधिकरण द्वारा अवस्थापना निधि के अन्तर्गत कराये गये विकास कार्यो तथा स्वीकृत किये गये कार्यो का एवं व्यय की गई धनराशि तथा व्यय की जाने वाली धनराशि का सम्पूर्ण विवरण तथा विधान सभा/प्राधिकरण क्षेत्रानुसार प्राक्कन/विकास कार्यों के अनुबन्धों का विवरण उपलब्ध करायेंगे? क्या आवास मंत्री जी यह भी अवगत करायेंगे कि कितने विकास कार्य अनुबन्ध होने के पश्चात् भी नहीं हो पाये है, क्या | आवास |

उनका विवरण और कार्य न होने का कारण सदन के पटल पर रखेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ?

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती ममता राकेश<br>10.05.2021 | 03. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र भगवानपुर में कितने ट्रांसफार्मर खराब हैं तथा कितने रिपेयर हेतु दिये गये है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि विद्युत की समस्या के समाधान हेतु कब तक नये ट्रांसफार्मर लगाये जायेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री मनोज रावत<br>10.05.2021 | 04. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद रूद्रप्रयाग के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र केदारनाथ में कितने ट्रैक वन विभाग द्वारा ट्रैकिंग हेतु खोले गये है ? यदि हां, तो उक्त खोले गये ट्रैकों का विवरण मंत्री जी सदन के पटल पर रखेंगे ? यदि नहीं, तो क्या ट्रैक खोले जाने की अनुमति प्रदान की जायेगी ? | वन |

—8—

| | | |
|---|---|---|
| श्री मनोज रावत<br>10.05.2021 | **पुनरावृत्ति के आधार पर निरस्त।**<br>05. क्या कौशल विकास एवं सेवायोजन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य के अन्तर्गत स्थित सेवायोजन कार्यालयों में वर्ष 2018 से आज दिनांक तक जनपदवार कितने बेरोजगार पंजीकृत है ? क्या सरकार बतायेगी कि उक्त पंजीकृत बेरोजगारों में से कितने बेरोजगारों को वर्ष 2018 से आज दिनांक तक रोजगार उपलब्ध कराया जा चुका है? क्या सरकार इसका जनपदवार विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कौशल विकास एवं सेवायोजन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>12.05.2021 | 06. क्या शहरी विकास मंत्री अवगत है कि उत्तरकाशी नगर का कूड़ा, कूड़ा डम्पिंग जोन के अभाव में ताम्वाखाणी सुरंग से बाहर वाले भाग पर डम्प किया जा रहा है? क्या यह सत्य है कि कूड़े की अधिकता के कारण कूड़ा भागीरथी नदी में गिरने लगा है ? यदि हां, तो क्या सरकार बतायेगी कि उत्तरकाशी नगर क्षेत्र के कूड़ा निपटान के लिए सरकार द्वारा क्या उपाय किये जा रहे है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शहरी विकास |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार | 07. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में | |

| | | |
|---|---|---|
| 12.05.2021 | नगर क्षेत्रों में सफाई कार्य व्यवस्था में लगे पर्यावरण मित्रों को कोरोना काल में अग्रिम पंक्ति के योद्धा के रूप में जान जोखिम में डालकर कार्य लिया जा रहा है ? क्या सरकार पर्यावरण मित्रों को प्रोत्साहित कर उनका मनोबल बढ़ाने हेतु अतिरिक्त प्रोत्साहन भत्ता दिये जाने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शहरी विकास |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>12.05.2021 | **स्थगित।**<br>08. क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में श्रमिकों का पंजीकरण करवा लिया गया है ? क्या सरकार बतायेंगी कि प्रदेश में जनपदवार कुल कितने श्रमिक पंजीकृत किये गये है ? क्या सरकार बतायेगी कि पंजीकृत श्रमिकों के पुनर्वास तथा उनके कल्याण के लिये सरकार द्वारा क्या–क्या कल्याणकारी योजनायें/ कार्यक्रम चलाये जा रहे है और अब तक कुल ऐसे कितने पंजीकृत श्रमिकों को लाभान्वित किया गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | श्रम |

–9–

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>12.05.2021 | 09. क्या पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में ठोस अपशिष्ट उठान व प्रबन्धन के लिए सरकार द्वारा कोई नीति अथवा कार्ययोजना का निर्माण किया गया है ? क्या सरकार बतायेगी कि कोरोना काल में जगह–जगह बिखरे पड़े प्रयुक्त मास्क, हैण्डग्लब्ज इत्यादि के उठान व समुचित प्रबन्धन के लिए कोई ठोस उपाय किये जा रहे है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन |
| श्री मनोज रावत<br>12.05.2021 | 10. क्या आयुष मंत्री के संज्ञान में हैं कि भारत सरकार की केन्द्र पोषित योजना अन्तर्गत स्थापित आर.सी.एच विंग एवं त्वचा रोग केन्द्रों में गत 08 वर्षों से कार्यरत चतुर्थ वर्गीय संविदा कर्मचारी अत्यन्त कम मानदेय पर कार्यरत हैं? क्या यह सत्य है कि उसके समकक्ष के मानदेय में अन्तर है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त संविदा कर्मियों के हितों को दृष्टिगत रखते हुए उनका मानदेय बढ़ाने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ? | आयुष |
| श्री देशराज कर्णवाल चमार साहब<br>12.05.2021 | 11. क्या आयुष मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड में कोरोना महामारी से लड़ने के लिये सरकार की आयुष के क्षेत्र को विकसित करने की क्या योजना है? यदि नहीं, तो क्यों? | आयुष |

| | | |
|---|---|---|
| काजी मौ0 निजामुद्दीन 13.05.2021 | 12. क्या वैकल्पिक ऊर्जा मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में स्थापित सौर ऊर्जा केन्द्रों से सरकार बिजली किस दर से खरीद रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | वैकल्पिक ऊर्जा |
| काजी मौ0 निजामुद्दीन 13.05.2021 | 13. क्या वैकल्पिक ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में कितने और कौन–कौन से कितनी क्षमता के सौर ऊर्जा प्लांट स्थापित है? स्थापित क्षमता के सापेक्ष यह प्लांट कितना विद्युत उत्पादन कर रहे है? यदि नहीं, तो क्यों? | वैकल्पिक ऊर्जा |
| श्रीमती ममता राकेश 13.05.2021 | 14. क्या नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि केन्द्र सरकार की भांति ही प्रदेश में भी दिव्यांगजनों हेतु अंत्योदय राशन कार्ड जारी किये गये? यदि नही, तो क्या राज्य सरकार प्रदेश के दिव्यांगजनों को अंत्योदय राशन कार्ड जारी करेगी? यदि हां, तो कब से? यदि नहीं, तो क्यों? | नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले |

–10–

| | | |
|---|---|---|
| श्री मनोज रावत 13.05.2021 | 15. क्या श्रम मंत्री के संज्ञान में है कि जनपद रूद्रपुर में सिडकुल में स्थापित दस से अधिक कम्पनियों द्वारा अपने कर्मचारियों की ई0पी0एफ0 की धनराशि वर्ष 2018 से जमा नही की गयी है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि विलम्ब से जमा की जाने वाली धनराशि मय ब्याज के वसूल की जाएगी? यदि नहीं, तो क्यों? | श्रम |
| श्री देशराज कर्णवाल चमार साहब 13.05.2021 | 16. क्या खाद्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि कोरोना महामारी (कोविड–19) की दूसरी लहर में गरीब कार्ड धारकों को मुफ्त राशन देने की सरकार की क्या योजना है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | खाद्य |
| श्री देशराज कर्णवाल चमार साहब 17.05.2021 | 17. क्या कौशल विकास एवं सेवायोजन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वैश्विक महामारी कोरोना में देश के विभिन्न क्षेत्रों में प्रवास कर रहे कितने प्रवासी उत्तराखंड वापस आये हैं एवं उनके रोजगार सृजन की कोई व्यवस्था सरकार द्वारा की गयी है? यदि हां, तो कुल कितने प्रवासियों को अप्रैल 2021 तक रोजगार उपलब्ध कराया गया है? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | कौशल विकास एवं सेवायोजन |
| श्री देशराज कर्णवाल चमार साहब 17.05.2021 | 18. क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में कोविड–19 महामारी में किसान, व्यापारी एवं मजदूरों की आर्थिक स्थिति चरमरा गयी है? यदि हां, तो क्या सरकार इनकी आर्थिक स्थिति को दृष्टिगत रखते | ऊर्जा |

हुए महामारी काल के समय का विद्युत बिल माफ करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>19.05.2021 | 19. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वन्य जीव व मानव संघर्ष के कारण होने वाली क्षतिपूर्ति अथवा अनुग्रह राशि की दरों में वृद्धि की गई है? क्या सरकार बतायेगी विविध वन्य जीवों के द्वारा संघर्ष के कारण मानव जीवन को क्षति पहुचाने के पश्चात अनुग्रह राशि का कितना भुगतान व कितनी अवधि में किये जाने का प्राविधान किया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |

—11—

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>19.05.2021 | 20. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत कुल कितने वनमार्ग है? क्या यह सत्य है कि लम्बे समय से इन वन मार्गों के पुनर्निर्माण तथा मरम्मत के लिये धनावंटन नहीं किया गया है? क्या सरकार बतायेगी कि इन सभी वनमार्गों का पुनर्निर्माण/मरम्मत करवाया जायेगा? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>19.05.2021 | 21. क्या आयुष शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि कोरोना महामारी को रोकने के लिये विविध पाठ्यक्रमों में डिप्लोमा तथा डिग्रीधारक आयुष के बेरोजगार नौजवानों को संविदा/आऊटसोर्स पर कार्योजित किया जायेगा? क्या यह सत्य है कि वर्तमान समय में राष्ट्रीय आपदा के दौरान चिकित्सकों व पैरामैडिकल स्टॉफ की भारी कमी है? क्या कमी के चलते आयुष डिप्लोमा/डिग्रीधारक बेरोजगार नौजवानों को संविदा/आऊटसोर्स पर कार्योजित किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | आयुष शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल चमार साहब<br>19.05.2021 | 22. क्या शहरी विकास मंत्री अवगत हैं कि मुख्यमंत्री की घोषणा संख्या 127/2019 शहरी विकास विभाग द्वारा शीला खाला व गणेशपुर के नाले से अतिक्रमण हटाने विषयक थी पर सम्बन्धित अधिकारी द्वारा रिपोर्ट में यह बताया गया कि वहां पर कोई अतिक्रमण नहीं है और जब ज्वाईंट मजिस्ट्रेट द्वारा निरीक्षण किया गया तो अतिक्रमण पाया गया? क्या सरकार उक्त नाले से अतिक्रमण हटाने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यो? | शहरी विकास |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>27.05.2021 | 23. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पहाड़ी जनपदों व क्षेत्रों में चीड़ की पत्तियों (पिरूल) का आग लगने की घटनाओं में मुख्य योगदान रहता है? क्या सरकार बतायेगी कि चीड़ की पत्तियों का उपयोग औद्योगिक क्षेत्र अथवा विद्युत उत्पादन में किए जाने से वनों से चीड़ की पत्तियों को कम किया जा सकता है? यदि हां, तो जंगलों पर पिरूल का बोझ कम करने के लिए क्या–क्या कदम उठाये जा रहे हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |

–12–

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल चमार साहब<br>27.05.2021 | 24. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि कोविड महामारी जैसी बीमारियों की रोकथाम के लिए सेनिटाइजर छिड़काव के लिए आधुनिक मशीनों की अत्यधिक आवश्यकता है, जिससे अधिक क्षेत्रों में कम समय में इन मशीनों का प्रयोग किया जा सके ? इसके लिए सरकार कोई निर्णय लेगी ताकि भविष्य में इसका उपयोग किया जा सके ? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शहरी विकास |
| श्री खजान दास<br>31.05.2021 | 25. क्या आवास मंत्री अवगत हैं कि देहरादून के दिलाराम बाजार एवं राजपुर रोड में पार्किंग की समस्या के लिए मुख्यमंत्री की घोषणा संख्या 534/2011 दिनांक 11.03.2011 द्वारा दिलाराम बाजार में (सूडा एवं डूडा कार्यालय जो लगभग 350 वर्ग फीट है) पार्किंग निर्माण की घोषणा की गयी थी ? क्या मंत्री जी अवगत है कि अब तक भी दिलाराम बाजार में पार्किंग निर्माण की स्वीकृति प्रदान नहीं की गई है जिस कारण एक ओर जहॉ आस –पास के व्यापारियों का व्यवसाय प्रभावित हो रहा है वहीं दूसरी ओर राजपुर रोड पर वाहनों के अत्यधिक दबाव से जाम की स्थिति उत्पन्न होती रहती है ? क्या सरकार दिलाराम बाजार में पार्किंग निर्माण की स्वीकृति प्रदान करेगी ? यदि हॉ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आवास |
| श्री देशराज कर्णवाल चमार साहब<br>31.05.2021 | 26. क्या कौशल विकास मंत्री अवगत हैं कि वर्तमान में कोविड–19 से जहां बेरोजगारी की दर में बढ़ोत्तरी हुई है? क्या मंत्री जी बताएंगे कि निधि कौशल विकास के तहत प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार के लिए सरकार द्वारा क्या प्रयास किये जा रहे है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कौशल विकास |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार | 27. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में मानव– वन्य | |

| | | |
|---|---|---|
| 02.06.2021 | जीवों में संघर्ष के दौरान होने वाली घटनाओं से मृत व घायल व्यक्तियों को सरकार द्वारा प्रतिकर भुगतान की व्यवस्था की गयी है? क्या सरकार बतायेगी किन–किन वन्यजीवों के साथ मानव संघर्ष के दौरान ऐसे प्रभावितों को कुल कितनी धनराशि का प्रतिकर भुगतान किया जाता है? क्या यह सत्य है कि प्रायः बजट का अभाव बताकर प्रभावितों को अनुमन्य प्रतिकर का भुगतान नहीं कराया जाता है? क्या सरकार द्वारा ऐसे मामलों के तुरन्त निपटान के लिए कोई समय–सीमा का निर्धारण किया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |

–13–

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>02.06.2021 | 28. क्या आयुष मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि कोरोना महामारी से लड़ने तथा प्रतिरोधात्मक क्षमता को बढ़ाये जाने के लिए क्या सरकार द्वारा ग्रामीणों को आयुर्वेदिक काढ़े के पैकेटों का निशुल्क वितरण किया गया था? क्या सरकार बतायेगी कि गतवर्ष अथवा वर्तमान समय में जनपदवार कुल कितने रूपये के काढ़े के पैकेटों का सार्वजनिक वितरण किया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | आयुष |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>02.06.2021 | **एक से अधिक विभागों से सम्बन्धित होने के आधार पर निरस्त।**<br>29. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में कोरोना काल में बायो मेडिकल कूड़ा दिनों दिन बढ़ता जा रहा है? होम आइसोलेशन में लोग दवाइयों तथा मास्क का प्रयोग कर रहे हैं? क्या सरकार बतायेगी कि नगरीय क्षेत्रों में बायो मेडिकल कूड़ा के उठान की क्या–क्या व्यवस्थायें की गई है? यदि नहीं, तो क्यों? | शहरी विकास |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>02.06.2021 | 30. क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि कोरोना महामारी के कारण लॉकडाउन के चलते प्रदेश में पंजीकृत व गैर पंजीकृत श्रमिकों के रोजगार बन्द होने से भरण–पोषण की भारी समस्या उत्पन्न हो गयी है? यदि हां, तो क्या सरकार श्रमिकों को भरण–पोषण हेतु कोई आर्थिक मदद पहुंचा रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | श्रम |
| श्री देशराज कर्णवाल चमार साहब<br>02.06.2021 | 31. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में नगर पंचायतों को स्मार्ट नगर पंचायत बनाने के लिये क्या योजनायें बनाई गई है, जिससे इन नगर पंचायतों में नाली निर्माण, कूड़ा निस्तारण, सड़कें, बिजली की सुविधा को दुरस्त किया जा सके? यदि नहीं, तो क्यों? | शहरी विकास |
| श्री देशराज कर्णवाल | 32. क्या सूचना एवं विज्ञान प्रौद्योगिकी मंत्री बताने का कष्ट करेंगे | |

| | | |
|---|---|---|
| चमार साहब<br>03.06.2021 | कि कोविड–19 जैसी महामारी में विगत वर्ष आनलाइन वर्क तथा आनलाइन पठन–पाठन किया जा रहा है, परन्तु इसके विपरीत कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां पर यह सुविधाएं नहीं हैं ? क्या सरकार उन क्षेत्रों में मोबाइल नेटवर्किंग सुधारने तथा स्मार्ट फोन बच्चों को उपलब्ध कराने पर विचार कर रही है, जिससे छात्र–छात्राओं को इसका लाभ मिल सके? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | सूचना एवं विज्ञान प्रौद्योगिकी |

—14—

| | | |
|---|---|---|
| श्री खजान दास<br>03.06.2021 | 33. क्या शहरी विकास मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में सफाई कर्मचारियों की मृत्यु के उपरान्त रिक्त पदों पर राज्य गठन के बाद से अब तक भर्ती नहीं हो पाई है, जिस कारण जहां एक ओर सफाई कर्मचारियों की अगली पीढ़ी बेरोजगारी के मुहाने पर खड़ी है वहीं दूसरी ओर प्रदेश भर में मा0 प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत अभियान को भी गति नहीं मिल पा रही है? क्या मंत्री जी के संज्ञान में है कि सफाई कर्मचारियों की मृत्यु के उपरान्त रिक्त पदों पर भर्ती न होने से सफाई कर्मियों में भारी आक्रोश व्याप्त है तथा वे लगातार रिक्त पदों पर भर्ती की मांग करते चले आ रहे हैं? क्या सरकार सफाई कर्मियों की मृत्यु के उपरान्त रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया प्रारम्भ किए जाने हेतु कोई कार्यवाही कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ? | शहरी विकास |
| श्री खजान दास<br>03.06.2021 | 34. क्या आवास मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड राज्य गठन से पूर्व प्रदेश में कुल कितनी आवासीय एवं व्यवसायिक भूमि थी? क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि राज्य गठन के बाद उत्तराखण्ड में कृषि भूमि का अत्यधिक भू–उपयोग परिवर्तन हुआ है? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कितनी कृषि भूमि को आवासीय एवं व्यवसायिक अथवा गैर कृषि भूमि में वर्षवार जिलेवार परिवर्तित किया गया है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी इसका विवरण सदन के पटल पर रखेंगे? यदि नहीं, तो क्यों नहीं? | आवास |
| श्री खजान दास<br>04.06.2021 | 35. क्या वन मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के मसूरी नगर पालिका क्षेत्र में वन विभाग द्वारा कुछ क्षेत्र अधिसूचित क्षेत्र घोषित है और कुछ क्षेत्र विमुक्त क्षेत्र घोषित है? क्या मंत्री जी बताएंगे कि नगर पालिका क्षेत्र मसूरी में यह व्यवस्था किस तिथि से लागू हुई है और क्या वर्तमान में भी यह व्यवस्था मसूरी नगर पालिका क्षेत्र में लागू है ? मसूरी नगर पालिका क्षेत्र में कौन–कौन से क्षेत्र अधिसूचित क्षेत्र एवं कौन–कौन से क्षेत्र विमुक्त क्षेत्र घोषित हैं ? क्या वर्तमान में मसूरी नगर पालिका क्षेत्र में वन विभाग द्वारा अधिसूचित क्षेत्र एवं विमुक्त क्षेत्रों को घटाया बढ़ाया गया है ? क्या अधिसूचित क्षेत्र एवं विमुक्त क्षेत्र घोषित होने के बाद उन क्षेत्रों में | वन |

कोई निर्माण कार्य किया जा सकता है ? क्या सरकार उक्त अधिसूचित एवं विमुक्त क्षेत्रों एवं उनकी सीमाओं की जानकारी सदन में उपलब्ध करायेगी ?यदि हॉ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

—15—

| | | |
|---|---|---|
| श्री सुरेश राठौर<br>04.06.2021 | 36. क्या कौशल विकास एवं सेवायोजन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2017 से 2021 तक प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना के अन्तर्गत उत्तराखण्ड प्रदेश में जनपदवार कितने कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्र कार्यरत है ? क्या कोविड—19 महामारी के दौरान भी बेरोजगार युवाओं/लाभार्थियों को समुचित प्रशिक्षण एवं रोजगार प्रदान किया जा रहा है ? यदि हां, क्या सरकार समस्त विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों इस विषय में आगे क्या योजना रहेगी ? | कौशल विकास एवं सेवायोजन |
| श्री सुरेश राठौर<br>04.06.2021 | 37. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड प्रदेश में स्थित सभी छोटे—बड़े नगर निकायों में सफाई कर्मी/स्वच्छकार कर्मियों के कुल कितने पद स्वीकृत है? क्या इन सभी पदों पर सफाईकर्मी नियुक्त/भर्ती कर लिये गये है? यदि हां, क्या सरकार सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो कब तक भर्ती पूर्ण कर ली जायेगी ? | शहरी विकास |
| श्री देशराज कर्णवाल चमार साहब<br>07.06.2021 | 38. क्या कौशल विकास एवं सेवायोजन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में स्थापित उद्योगों में कितना प्रतिशत रोजगार स्थानीय बेरोजगार नौजवानों को देने का प्राविधान किया गया है और वर्तमान में कितना प्रतिशत स्थानीय बेरोजगार को रोजगार उपलब्ध कराया गया है? क्या सरकार इसका सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नही, तो क्यों ? | कौशल विकास |
| श्री देशराज कर्णवाल चमार साहब<br>09.06.2021 | 39. क्या नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत राशन डीलरों के दोषी पाये जाने पर राशन डीलर के साथ सम्बन्धित खाद्य आपूर्ति निरीक्षक की जांच कर कार्यवाही करने पर सरकार विचार करेगी? यदि हॉ, तो कब तक ? यदि नही, तो | नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले |

क्यों?



| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल चमार साहब 10.06.2021 | 40. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में विद्युत विभाग के तारों से किसानों की फसल जलकर राख होने के कितने प्रकरणों पर विगत चार वर्षों में पुलिस रिपोर्ट हुई है तथा उपरोक्त प्रकरणों में किसान की जली फसल का मुआवजा किसान को उपलब्ध कराने के लिये सरकार की क्या नीति है? क्या सरकार बतायेगी कि जनपद हरिद्वार में उपरोक्त से सम्बन्धित कितने प्रकरण सरकार के संज्ञान में आए तथा उन पर क्या कार्यवाही की गई है? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री देशराज कर्णवाल चमार साहब 11.06.2021 | 41. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि नगरीय अवस्थापना ए0डी0बी0 के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार में पेयजल, ठोस अपशिष्ट, यातायात प्रबन्धन, सीवरेज से सम्बन्धित क्या कार्य किये जा रहे हैं तथा नगर पंचायत झबरेड़ा में अभी तक क्या क्या कार्य किये जा रहे हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | शहरी विकास |
| श्री देशराज कर्णवाल चमार साहब 16.06.2021 | 42. क्या शहरी विकास मंत्री अवगत हैं कि जिला हरिद्वार के रूड़की क्षेत्र में ठोस अपशिष्ट के निस्तारण की नियमानुसार व्यवस्था न होने के कारण रूड़की से बाहर जाने वाले मोटर मार्गों के किनारे ठोस अपशिष्ट का ढेर लगा होने से कोरोना संक्रमण के दौर में महामारी की सम्भावना है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बतायेंगे कि ठोस अपशिष्ट निस्तारण की कोई व्यवस्था है ? यदि हां, तो क्या? यदि नही, तो क्यों? | शहरी विकास |
| श्री धन सिंह नेगी 17.06.2021 | 43. क्या ऊर्जा मंत्री जी अवगत हैं कि राज्य सरकार को विद्युत प्रोजेक्ट पर बिजली रॉयल्टी के रूप में प्राप्त होती है? यदि हां, तो क्या सरकार बतायेगी कि टिहरी बांध परियोजनाओं से वर्ष 2017—18 व 2018—19 तथा 2019—20 में रॉयल्टी के रूप में प्राप्त बिजली से कितनी धनराशि प्राप्त हुई है? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री धन सिंह नेगी 18.06.2021 | 44. क्या आयुष मंत्री अवगत हैं कि भारत सरकार ने आयुष मिशन योजना के तहत जनपद टिहरी व चम्पावत में 50 बैड के आयुष चिकित्सालय की स्वीकृति दी है? यदि हां, तो मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र टिहरी के अन्तर्गत वि0ख0 जाखणीधार के स्थान खण्डोगी लामरीधार में स्वीकृत 50 बैड के आयुष चिकित्सालय का कार्य कब प्रारम्भ किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | आयुष |

| | | |
|---|---|---|
| श्री धन सिंह नेगी<br>21.06.2021 | 45. क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि राज्य के निगम पिटकुल में आई0टी0 कैडर का गठन किया गया है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान में आई0टी0 कैडर के कार्मिक कहां—कहां नियुक्त किये गये हैं? क्या यह भी सत्य है कि विभाग द्वारा बिजली घरों में आई0टी0 कैडर के कार्मिकों को तैनात किया जाता है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान में पिटकुल में आई0टी0 कैडर के कार्मिकों का विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री धन सिंह नेगी<br>22.06.2021 | 46. क्या आयुष मंत्री अवगत हैं कि राज्य में आयुर्वेदिक चिकित्सक व फार्मेसिस्ट के पद सृजित हैं? यदि हां, तो क्या सरकार वर्तमान में सृजित पदों के सापेक्ष कार्यरत कार्मिकों की संख्या से अवगत करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | आयुष |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>चमार साहब<br>23.06.2021 | 47. क्या नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मृतक राशन डीलर की दुकान को मृतक आश्रित के नाम आवंटन हेतु क्या प्रक्रिया है? क्या मंत्री जी बताएंगे कि अभी तक कितने मृतक आश्रित डीलरों को दुकान आवंटित हुई हैं? यदि हां, तो क्या सरकार विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | नागरिक आपूर्ति<br>एवं<br>उपभोक्ता मामले |
| श्री धन सिंह नेगी<br>24.06.2021 | 48. क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि राज्य के ऊर्जा निगम पिटकुल, उज्जवल व उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0 में उपनल के माध्यम से कार्मिक रखे गये हैं? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त तीनों निगमों में उपनल से रखे गये कार्मिकों की संख्या कितनी है? क्या यह भी सत्य है कि उक्त निगमों में स्थायी पदों पर भी उपनल से कार्मिक रखे गये हैं? यदि हां, तो क्या सरकार तीनों निगमों में स्थायी पदों पर कितने कार्मिक रखे गये हैं का विवरण उपलब्ध करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |

—18—

श्री महेश जीना
28.06.2021

49. क्या वन मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में जंगली जानवरों द्वारा किसानों की खड़ी फसलों को बर्बाद कर दिया जा रहा है, जिसके कारण पर्वतीय क्षेत्र के किसानों ने खेती करना छोड़ दिया है जो पलायन का एक मुख्य कारण भी है? क्या सरकार ने प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में जंगली जानवरों द्वारा किसानों की फसलों को बर्बादी से निजात दिलाने हेतु कोई ठोस नीति बनायी है? यदि हां, तो क्या सरकार इसका सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

वन

श्री महेश जीना
29.06.2021

50. क्या आयुष मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधानसभा क्षेत्र सल्ट के अन्तर्गत राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय मटेला कब स्थापित हुआ था, चिकित्सालय में कुल कितने पद सृजित हैं और कुल कितने पद रिक्त हैं? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय मटेला में सृजित पदों के सापेक्ष चिकित्सकों व अन्य कर्मचारियों को नियुक्ति प्रदान की गयी है? यदि नहीं, तो क्या सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

आयुष

श्री दलीप सिंह रावत
29.06.2021

51. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के तीनों निगमों यू.पी.सी.एल, पी.टी.सी.यू एल,यूजे वी एन एल में प्रबन्ध निदेशकों की योग्यता/अहर्ताएं भारत सरकार के सार्वजनिक उपक्रमों के अनुसार है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

ऊर्जा

श्री देशराज कर्णवाल
चमार साहब
29.06.2021

52. क्या आवास मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड में आवास विकास की जिम्मेदारी अभियन्ताओं को सौंपे जाने के बाद भी अवैध निर्माण का कार्य लगातार जारी है? क्या सरकार अवैध निर्माण के कार्य को प्रोत्साहित करने वाले अधिकारियों के विरूद्ध कोई कार्यवाही करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

आवास



श्री देशराज कर्णवाल
चमार साहब

**एक से अधिक विभागों से सम्बन्धित होने कारण निरस्त।**

53. क्या शहरी विकास मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में विभिन्न

| | | |
|---|---|---|
| 30.06.2021 | एजेन्सियों द्वारा शहरी क्षेत्रों में सीवर लाईन, पेयजल लाईन, गैस पाईप लाईन व भूमिगत विद्युत लाईन बिछाने के कार्य कराये जा रहे हैं, अथवा कुछ स्थानों पर प्रस्तावित हैं तथा इनके कार्यों के अलग–अलग चलने से अधिक व्यय के साथ–साथ जनता को भी परेशानी हो रही है? क्या सरकार ऐसी कार्य योजना पर विचार कर रही है कि ऐसे कार्यों को करने वाली विभिन्न ऐजेन्सियों में तालमेल स्थापित कर सभी कार्य एक साथ सम्पादित हो सकें ? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शहरी विकास |
| श्री धन सिंह नेगी<br>30.06.202 | 54. क्या शहरी विकास मंत्री अवगत हैं कि राज्य में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट का कार्य चल रहा है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान में स्मार्ट सिटी देहरादून में अभी तक विभिन्न मदों में किये गये कार्यों व उस पर व्यय धनराशि का विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | शहरी विकास |
| श्री धन सिंह नेगी<br>01.07.2021 | 55. क्या वन मंत्री अवगत हैं कि राज्य में वन विभाग के अन्तर्गत दैनिक वेतनभोगी कर्मी (02) मस्ट्रोल पर कार्य कर रहे हैं? यदि हां, तो क्या सरकार विभाग के अन्तर्गत जनपदवार ऐसे कार्मिकों का विवरण उपलब्ध करायेगी? क्या यह भी सत्य है कि इन दैनिक वेतन भोगी कार्मिकों को समय–समय पर आवश्यकतानुसार नियमित किया जाता है? यदि हां, तो क्या सरकार अभी तक नियमित किए गये ऐसे दैनिक वेतन भोगी कार्मिकों का जनपदवार विवरण उपलब्ध करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| श्री धन सिंह नेगी<br>01.07.2021 | **स्थगित।**<br>56. क्या श्रम मंत्री अवगत हैं कि राज्य में 02 मस्ट्रोल पर कार्मिक रखे जाते हैं? यदि हां, तो क्या मंत्री जी राज्य के भीतर 02 मस्ट्रोल दैनिक वेतन भोगी कार्मिकों का जनपदवार विवरण उपलब्ध करायेंगे? यदि नहीं, तो क्यों? | श्रम |
| श्री धन सिंह नेगी<br>01.07.2021 | 57. क्या वन मंत्री अवगत हैं कि राज्य में कैम्पा योजना लागू है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि अभी तक उक्त योजना के तहत राज्य को कितनी धनराशि प्राप्त हुयी है तथा कितनी धनराशि व्यय की गयी है? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |

–20–

| | | |
|---|---|---|
| श्री महेश जीना<br>01.07.2021 | 58. क्या नागरिक आपूर्ति मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधानसभा क्षेत्र के सल्ट अन्तर्गत एल.पी.जी गैस सिलेण्डरों की आपूर्ति हेतु घर–घर जाकर गैस सिलेण्डर वितरण करने की व्यवस्था की गयी है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी इस बात से | नागरिक आपूर्ति |

| | | |
|---|---|---|
| | अवगत हैं कि विधानसभा क्षेत्र सल्ट के नव निर्मित मार्गों पर बसे गांवों में आज भी एल.पी.जी गैस सिलेण्डरों की आपूर्ति नहीं की जा रही है? क्या सरकार जनहित में सल्ट विधानसभा के नव निर्मित मार्गों पर बसे गांवों के लोगों के घरों तक एल.पी.जी गैस सिलेण्डर पहुंचाने की सुविधा उपलब्ध करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | |
| श्री धन सिंह नेगी<br>02.07.2021 | 59. क्या आयुष मंत्री अवगत हैं कि राज्य में आयुर्वेदिक चिकित्सक संविदा पर कार्यरत है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि संविदा पर कार्यरत आयुर्वेदिक चिकित्सकों के नियमितीकरण के लिये सरकार कोई कार्यवाही करने जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | आयुष |
| श्री धन सिंह नेगी<br>02.07.2021 | 60. क्या कौशल विकास एवं सेवायोजन मंत्री अवगत हैं कि राज्य के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को अपग्रेडेशन का कार्य किया जा रहा है? यदि हां, तो क्या  मंत्री जी विधान सभा क्षेत्र टिहरी के नई टिहरी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, चम्बा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान व महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अंजनीसैंण में अभी तक कराये गये कार्यों से अवगत करायेंगे? यदि नहीं, तो क्यो? | कौशल विकास एवं सेवायोजन |
| श्री धन सिंह नेगी<br>06.07.2021 | 61. क्या आयुष मंत्री अवगत हैं कि राज्य में आयुष मिशन के तहत आयुष केन्द्रों की स्थापना की गयी है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि आयुष ग्राम की स्थापना के लिए क्या मानक निर्धारित हैं तथा वर्तमान में प्रदेश के भीतर जनपदवार स्वीकृत केन्द्रों का विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | आयुष |
| श्री देशराज कर्णवाल चमार साहब<br>07.07.2021 | 62. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य के बी0पी0एल एवं अत्योंदय राशन कार्ड धारक उपभोक्ता के परिवारों को बिजली बिलों में सरकार कितनी यूनिट तक छूट देने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा |

—21—

| | | |
|---|---|---|
| श्री मनोज रावत<br>09.07.2021 | 63. क्या वैकल्पिक ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में पिरूल से विद्युत उत्पादन हेतु कुल कितने संयत्र लगे हैं? इन संयंत्रों की लागत और इनमें उद्यमियों को सब्सिडी दी गयी है तो उसे सम्बन्धित समस्त विवरण मंत्री जी सदन के पटल पर रखेंगे? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि इन संयंत्रों | वैकल्पिक ऊर्जा |

से कुल कितना विद्युत उत्पादन हुआ, यदि उत्पादित विद्युत को ग्रिड में दिया गया तो उसकी मात्रा कितनी थी तथा उसके एवज में उद्यमियों को कुल कितनी आमदनी हुई? यदि नहीं, तो क्यों ?

| | | |
|---|---|---|
| श्री मनोज रावत<br>09.07.2021 | 64. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के ग्रिड में गत दस सालों में विभिन्न वैकल्पिक ऊर्जा के स्रोतों से कुल कितनी बिजली की आपूर्ति की गई है, इन विभिन्न वैकल्पिक ऊर्जा के स्रोतों को अलग–अलग कितनी धनराशि राज्य के विद्युत कारपोरेशनों ने ग्रिड में दी गई बिजली के एवज में दी है? क्या मंत्री जी इससे सम्बन्धित समस्त अभिलेख सदन के पटल पर प्रस्तुत करेंगे ? | ऊर्जा |
| श्री महेश जीना<br>12.07.2021 | 65. क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र सल्ट के अन्तर्गत कई स्थानों पर विघुत आपूर्ति पूर्ण रूप से नहीं हो पा रही है, जिसके कारण स्थानीय जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ता है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी इस बात से अवगत हैं कि मासी सब पॉवर स्टेशन से विकास खण्ड स्याल्दे के अधिकांश गांव में विद्युत आपूर्ति की जाती है, किन्तु विद्युत लाईन बहुत लम्बी होने से लाईन में बार–बार दिक्कतें आती रहती है, जिसको सही करने में काफी लम्बा समय लग जाता है, जिसके कारण क्षेत्र में कई दिनों तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहती है ? क्या सरकार विद्युत आपूर्ति को सुचारू रूप से देने हेतु स्याल्दे विकास खण्ड के अन्तर्गत सब पॉवर स्टेशन की स्थापना करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा |

—22—

| | | |
|---|---|---|
| श्री खजान दास<br>31.05.2021 | **पुनरावृत्ति के आधार पर निरस्त।**<br>66. क्या शहरी विकास मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड प्रदेश भूकम्प की दृष्टि से अति संवेदनशील क्षेत्र है ? क्या सरकार द्वारा भूकम्प से होने वाली जनहानि को रोकने हेतु प्रदेश के विभिन्न जिलों/शहरों में गिरासू भवनों का चिन्हीकरण किया जा चुका है तथा सरकार द्वारा गिरासू भवनों के रखरखाव/पुनर्निर्माण एवं | शहरी विकास |

भूकम्प आने पर कम से कम जनधन की हानि हो इस हेतु कोई ठोस नीति बनाई जा रही है ? यदि हां, तो कब तक क्रियान्वयन होगा? यदि नहीं, तो क्यों ?

| | | |
|---|---|---|
| श्री धन सिंह नेगी<br>22.06.2021 | 67. क्या आवास मंत्री अवगत हैं कि राज्य की गैरसैंण को ग्रीष्मकालीन राजधानी घोषित किया गया है? यदि हां, तो क्या सरकार गैरसैंण में अभी तक अवस्थापना विकास के लिए बनायी गयी कार्ययोजना से अवगत करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | आवास |

–23–